# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Five-Day Youth Red Cross Training Camp organised at CUH**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 17-01-2024**

## हकेवि में पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरूआत

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार से पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत हो गई। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ की प्रधान श्रीमती मोनिका गुप्ता तथा रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के सचिव श्री महेश गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने यूथ रेडक्रॉस के संबंध में कहा कि इस संस्था के माध्यम से निरंतर युवाओं को जनहित में कार्य हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। यह संस्था राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखती है और इसके उल्लेखनीय कार्यों के परिणाम स्वरूप ही इसे अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिल चुके हैं। कुलपति ने अपने संबोधन में पांच दिवसीय इस शिविर में सम्मिलित जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों व प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि इस शिविर के माध्यम से अवश्य ही वे यूथ रेडक्रॉस की कार्यप्रणाली और उसमें उपलब्ध विभिन्न पहलुओं को जान व समझ पाएंगे। विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने शिविर में प्रतिभागिता करने वाले अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिविर के प्रभारी डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य की कुशलता के लिए प्रशिक्षण अति महत्त्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में विषयागत सूक्ष्म जानकारियों से अवगत कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने यूथ रेड क्रॉस के उद्देश्यों से अवगत कराया। शिविर में प्राथमिक उपचार के प्रवक्ता श्री टेकचंद यादव व श्रीमती पवित्रा कुमारी ने रेडक्रॉस के इतिहास, कार्यप्रणाली व सिद्धांतों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 विभिन्न कॉलेजों के 115 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. रेणु यादव व डॉ. नीलम सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



# कुशलता के लिए प्रशिक्षण महत्वपूर्ण

## हकेंवि में पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में मंगलवार से पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। डीसी व रेडक्रॉस सोसाइटी महेंद्रगढ़ की प्रधान मोनिका गुप्ता, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव महेश गुप्ता के निर्देशन में आयोजित शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया।

उन्होंने कहा कि यूथ रेडक्रॉस के संबंध में कहा कि इस संस्था के माध्यम से निरंतर युवाओं को जनहित में कार्य हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। यह संस्था राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखती है और इसके उल्लेखनीय कार्यों के परिणाम स्वरूप ही इसे अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिल चुके हैं।




प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : विवि

विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने शिविर में प्रतिभागिता करने वाले अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिविर के प्रभारी डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य की कुशलता के लिए प्रशिक्षण अति महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में विषयागत सूक्ष्म जानकारियों से अवगत कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने यूथ रेड क्रॉस के उद्देश्यों से अवगत कराया। शिविर में प्राथमिक उपचार के प्रवक्ता टेकचंद यादव व पवित्रा कुमारी ने रेडक्रॉस के इतिहास, कार्यप्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया। शिविर में जिले के 15 विभिन्न कॉलेजों के 115 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 17-01-2024**

# हकेंवि में पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर शुरू, 15 कॉलेजों के 115 छात्र शामिल

## इस संस्था के माध्यम से निरंतर युवाओं को जनहित में कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जाता है : प्रो. टंकेश्वर

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ में मंगलवार से 5 दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई। जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता तथा रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के सचिव महेश गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया।

कुलपति ने यूथ रेडक्रॉस के संबंध में कहा कि इस संस्था के माध्यम से निरंतर युवाओं को जनहित में कार्य हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। यह संस्था राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखती है।




यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने शिविर में प्रतिभागिता करने वाले अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिविर के प्रभारी डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य की कुशलता के लिए प्रशिक्षण अति महत्त्वपूर्ण होता है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने यूथ रेड क्रॉस के उद्देश्यों से अवगत कराया। शिविर में प्राथमिक उपचार के प्रवक्ता टेकचंद यादव व पवित्रा कुमारी ने रेडक्रॉस के इतिहास, कार्यप्रणाली व सिद्धांतों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 विभिन्न कॉलेजों के 115 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. रेणु यादव व डॉ. नीलम सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagarn** **Date: 17-01-2024**

## पांच दिवसीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर शुरू




यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार • सौ. प्रवक्ता

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में मंगलवार से पांच दिवसीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई। भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। जिला उपायुक्त एवं रेडक्रास सोसायटी की प्रधान मोनिका गुप्ता तथा सचिव महेश गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने यूथ रेडक्रास के संबंध में कहा कि इस संस्था के माध्यम से निरंतर युवाओं को जनहित में कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यह संस्था राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखती है और इसके उल्लेखनीय कार्यों के परिणाम स्वरूप ही इसे अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Ranghosh** **Date: 17-01-2024**

# हकेवि में पाँच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरुआत




**रणघोष अपडेट. महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार से पाँच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ की प्रधान श्रीमती मोनिका गुप्ता तथा रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के सचिव श्री महेश गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने यूथ रेडक्रॉस के संबंध में कहा कि इस संस्था के माध्यम से निरंतर युवाओं को जनहित में कार्य हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। यह संस्था राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखती है और इसके उल्लेखनीय कार्यों के परिणाम स्वरूप ही इसे अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिल चुके हैं। कुलपति ने अपने संबोधन में पाँच दिवसीय इस शिविर में सम्मिलित जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों व प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि इस शिविर के माध्यम से अवश्य ही वे यूथ रेडक्रॉस की कार्यप्रणाली और उसमें उपलब्ध विभिन्न पहलुओं को जान व समझ पाएंगे। विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने शिविर में प्रतिभागिता करने वाले अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिविर के प्रभारी डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य की कुशलता के लिए प्रशिक्षण अति महत्त्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में विषयागत सूक्ष्म जानकारियों से अवगत कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने यूथ रेड क्रॉस के उद्देश्यों से अवगत कराया। शिविर में प्राथमिक उपचार के प्रवक्ता श्री टेकचंद यादव व श्रीमती पवित्रा कुमारी ने रेडक्रॉस के इतिहास, कार्यप्रणाली व सिद्धांतों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 विभिन्न कॉलेजों के 115 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. रेणु यादव व डॉ. नीलम सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 17-01-2024**

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ

- कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन व स्वास्थ्य की रक्षा करना और मानव के प्रति सम्मान सुनिश्चित करना : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली में मंगलवार जिला स्तरीय पांच दिवसीय यूथ रेडक्त्रॉस ट्रेनिंग कैंप का शुभारम्भ कुलपति प्रो. डा. टंकेश्वर कुमार ने किया। इस शिविर में जिले के विभिन्न 15 कॉलेजों से 115 यूथ काउंसलर द्वारा भाग लिया जा रहा है। प्रोफेसर डा. दिनेश चहल यूथ रेडक्रॉस समन्वयक हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली व शिविर में भाग ले रहे यूथ द्वारा मुख्य अतिथि का स्लोगन के माध्यम से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना और मानव के प्रति सम्मान सुनिश्चित करना है। शिविर निर्देशक डॉ एसपी सिंह ने शिविर में भाग ले रहे प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य की कुशलता के लिए प्रशिक्षण का अति महत्व होता है।टेकचन्द यादव ने रेडक्रॉस के इतिहास पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रवक्ता पवित्रा कुमारी ने रेडक्त्रास के कार्यों एव सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर डा. आनंद शर्मा इस कार्यक्रम मे यूथ रेडक्रॉस के मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना और हर समय सभी प्रकार की सामाजिक सेवा गतिविधियों के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया।




**महेंद्रगढ़।** जिला स्तरीय पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस कैंप का शुभारम्भ करते कुलपति प्रोफेसर डा. टकेश्वर कुमार। फोटो :हरिभूमि

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 17-01-2024**

# 5 दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत



*यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते कुलपति।*

महेंद्रगढ़, 16 जनवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार से पाँच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया।

जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ की प्रधान मोनिका गुप्ता तथा रेडक्रॉस सोसायटी महेंद्रगढ़ के सचिव महेश गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने यूथ रेडक्रॉस के संबंध में कहा कि इस संस्था के माध्यम से निरंतर युवाओं को जनहित में कार्य हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। यह संस्था राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखती है और इसके उल्लेखनीय कार्यों के परिणाम स्वरूप ही इसे अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

कुलपति ने अपने संबोधन में पाँच दिवसीय इस शिविर में सम्मिलित जिले के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों व प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि इस शिविर के माध्यम से अवश्य ही वे यूथ रेडक्रॉस की कार्यप्रणाली और उसमें उपलब्ध विभिन्न पहलुओं को जान व समझ पाएंगे। विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने शिविर में प्रतिभागिता करने वाले अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। शिविर के प्रभारी डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य की कुशलता के लिए प्रशिक्षण अति महत्त्वपूर्ण होता है।

बताया कि प्रशिक्षण शिविर में विषयागत सूक्ष्म जानकारियों से अवगत कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने यूथ रेड क्रॉस के उद्देश्यों से अवगत कराया। शिविर में प्राथमिक उपचार के प्रवक्ता श्री टेकचंद यादव व पवित्रा कुमारी ने रेडक्रॉस के इतिहास, कार्यप्रणाली व सिद्धांतों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 विभिन्न कॉलेजों के 115 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. रेणु यादव व डॉ. नीलम सहित के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**


# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**


**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 19-01-2024**

# 115 विद्यार्थियों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

## शिविर में लक्की स्टार खेल का आयोजन, सीहमा के जोगेंद्र रहे विजेता

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में चल रहे पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में वीरवार को लक्की स्टॉर गेम का आयोजन किया गया व प्रतिभागियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया।

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर 20 जनवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों के 115 विद्यार्थी, शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि लक्की स्टार गेम में छात्रों में राजकीय महाविद्यालय, सीहमा के जोगेंद्र ने प्रथम, आरपीएस बलाना के प्रिंस द्वितीय व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के क्षितिज ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं में राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की अलका ने प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की पलक द्वितीय व राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में स्टॉफ में राजकीय महाविद्यालय कनीना की डॉ. जय भारती प्रथम, आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के डॉ. राजेश डागर द्वितीय व राजकीय महाविद्यालय अटेली के डॉ. महेश ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रो. चहल ने बताया कि इसके पश्चात पवित्रा यादव ने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रशिक्षण दिया।



सीपीआर का प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। -स्रोत—हकेंविवि

**20**
जनवरी तक चलेगा प्रशिक्षण शिविर, जिलेभर के संस्थानों से भाग ले रहे शिक्षक

**15**
कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों के 115 विद्यार्थी, शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 19-01-2024**

# यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण



यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में सीपीआर का प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ

## शिविर में जिले के 15 शिक्षण संस्थानों के 115 विद्यार्थी व शिक्षक कर रहे हैं प्रतिभागिता

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ में चल रहे 5 दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में गुरुवार को लकी स्टार गेम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 20 जनवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों के 115 विद्यार्थी तथा शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि लकी स्टार गेम में छात्रों की प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय, सीहमा के जोगेंद्र ने प्रथम; आरपीएस, बलाना के प्रिंस ने द्वितीय तथा हकेंवि के क्षितिज ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं की प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल की अलका ने प्रथम; राजकीय महिला महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ की फलक ने द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल की विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्टाफ सदस्यों की प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय, कनीना की डॉ. जय भारती; आरपीएस डिग्री कॉलेज, बलाना के डॉ. राजेश डागर तथा राजकीय महाविद्यालय, अटेली के डॉ. महेश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल किया। प्रो. चहल ने बताया कि इसके पश्चात पवित्रा यादव ने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रशिक्षण दिया।

# यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में सीपीआर की दी जानकारी

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में चल रहे पांच दिवसीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में बृहस्पतिवार को लकी स्टार गेम का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों को सीपीआर का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 20 जनवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 कालेजों व शिक्षण संस्थानों के 115 विद्यार्थी तथा शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रास सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि लकी स्टार गेम में छात्रों की प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय सिहमा के जोगेंद्र ने प्रथम, बलाना के प्रिंस ने द्वितीय तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के क्षितिज ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं की प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की अलका ने प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की पलक ने द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की विशाखा ने तृतीय स्थान




यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में सीपीआर का प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ • जागरण

प्राप्त किया। इसी क्रम में स्टाफ सदस्यों की प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय कनीना की डा. जय भारती, आरपीएस डिग्री कालेज बलाना के डा. राजेश डागर तथा राजकीय महाविद्यालय अटेली के डा. महेश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल किया। प्रो. चहल ने बताया कि इसके पश्चात पवित्रा यादव ने सीपीआर का प्रशिक्षण दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 19-01-2024**

## यूथ रेडक्रॉस शिविर में दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

महेंद्रगढ़, 18 जनवरी (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में चल रहे पाँच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में बृहस्पतिवार को लक्की स्टॉर गेम का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों को सीपीआर का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 20 जनवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों के 115 विद्यार्थी तथा शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 19 January 2024 https://epaper.dainiktribune

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 19-01-2024**

# यूथ रेडक्रॉस शिविर में दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में गुरुवार को लक्की स्टॉर गेम का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों को सीपीआर का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 20 जनवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों के 115 विद्यार्थी तथा शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समंवयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि लक्की स्टॉर गेम में छात्रों की प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय सिहमा के जोगेंद्र ने प्रथम, आपीएस बलाना के प्रिंस ने द्वितीय तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के क्षितिज ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं की प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की अलका ने प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की पलक ने द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में स्टॉफ सदस्यों की प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय कनीना की डॉ. जय भारती, आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना के डॉ. राजेश डागर तथा राजकीय महाविद्यालय अटेली के डॉ. महेश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल किया। प्रो. चहल ने बताया कि इसके पश्चात पवित्रा यादव ने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रशिक्षण दिया।



महेंद्रगढ़। यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में सीपीआर का प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 19-01-2024**

# सीपीआर का प्रशिक्षण दिया

महेंद्रगढ़, 18 जनवरी (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में चल रहे पाँच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में गुरुवार को लक्की स्टॉर गेम का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों को सीपीआर का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 20 जनवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 15 कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों के 115 विद्यार्थी तथा शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि लक्की स्टॉर गेम में छात्रों की प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय, सिहमा के जोगेंद्र ने प्रथम; बलाना के प्रिंस ने द्वितीय तथा केंद्रीय विवि.के क्षितिज ने तृतीय स्थान हासिल किया।छात्राओं की प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल की अलका ने प्रथम; राजकीय महिला महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ की पलक ने द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल की विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 22-01-2024**

आयोजन

पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन

## शिविर में अर्जित किया ज्ञान समाज तक पहुंचेगा

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने पांच दिवसीय शिविर को स्वयंसेवकों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से अर्जित ज्ञान का लाभ समाज तक पहुंचेगा।

शिविर के समापन सत्र में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रेडक्रॉस के माध्य से स्वयंसेवकों की सेवा का दायरा बढ़ा है। प्रो. चहल ने बताया कि शिविर के दौरान लकी स्टार गेम, एकल नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। लकी स्टार गेम में जोगेंद्र, प्रिंस, क्षितिज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए एवं बालिका वर्ग में अलका, पलक तथा विशाखा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए।



हकेंविवि में अतिथियों को सम्मानित करते यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षक। स्रोत : विवि

### स्वयंसेवकों ने भाषण, प्रश्नोत्तरी और अन्य स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

एकल नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लवि राघव को प्रथम, कुलदीप को द्वितीय एवं आरती को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय नारनौल की टीम प्रथम, राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हानी महेंद्रगढ़ की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में रोहिणी को प्रथम, अमरदीप कुमार को द्वितीय तथा धीरज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 22-01-2024**

ट्रेनिंग • हरियाणा केंद्रीय विवि में जिलास्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं : कुलसचिव प्रो. सुनील

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने पांच दिवसीय शिविर को स्वयंसेवकों के लिए महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से अर्जित ज्ञान का लाभ समाज तक पहुंचेगा। शिविर के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रेडक्रॉस के माध्यम से स्वयंसेवकों की सेवा का दायरा बढ़ा है। उन्होंने स्वयंसेवकों की सभी को मदद करने के सशक्त दृष्टिकोण, संकल्प, साहस व समर्पण भाव के लिए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।



यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागिता करने वाले स्वयंसेवक।

विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर में प्राथमिक उपचार के प्रवक्ता टेकचंद यादव व पवित्रा यादव ने रेडक्रॉस के इतिहास, कार्यप्रणाली व सिद्धांतों से प्रतिभागियों को जिले के अवगत करवाया। शिविर में प्रतिभागिता करने वाले स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर का भी प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के अंतिम दिन सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की सुरभि यादव को दिया गया और सर्वश्रेष्ठ परामर्शदाता का पुरस्कार राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ की पविता को दिया गया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के छात्र अमरदीप कुमार एवं क्षितिज को सर्वश्रेष्ठ छात्र समन्वयक का पुरस्कार दिया गया।

## प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीते पुरस्कार

प्रो. चहल ने बताया कि शिविर के दौरान लकी स्टार गेम, एकल नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। लकी स्टार गेम में जोगेंद्र, प्रिंस, क्षितिज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए एवं बालिका वर्ग में अलका, पलक तथा विशाखा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। एकल नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लवि राघव को प्रथम, कुलदीप को द्वितीय एवं आरती को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय नारनौल की टीम प्रथम, राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हानी महेंद्रगढ़ की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में रोहिणी को प्रथम, अमरदीप कुमार को द्वितीय तथा धीरज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Ranghosh** **Date: 22-01-2024**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन




**रणघोष अपडेट. महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित पाँच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने पाँच दिवसीय शिविर को स्वयंसेवको के लिए महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से अर्जित ज्ञान का लाभ समाज तक पहुँचेगा। शिविर के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थि रहे। प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रेडक्रॉस के माध्य से स्वयंसेवको की सेवा का दायरा बढ़ा है। उन्होंने स्वयंसेवको की सभी को मदद करने के सशक्त दृष्टिकोण, संकल्प, साहस व सम्पर्ण भाव के लिए उनकी प्रशंसा की और सभी स्वयंसेवको को शुभकानमाएं दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि पाँच दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर में प्राथमिक उपचार के प्रवक्ता टेकचंद यादव व श्रीमती पवित्रा यादव ने रेडक्रॉस के इतिहास, कार्यप्रणाली व सिद्धांतों से प्रतिभागियों को जिले के अवगत करवाया। शिविर में प्रतिभागिता करने वाले स्वयंसेवको को प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रो. चहल ने बताया कि शिविर के दौरान लकी स्टार गेम, एकल नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। लकी स्टार गेम में जोगेंद्र, प्रिंस, क्षितिज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए एवं बालिका वर्ग में अलका, पलक तथा विशाखा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। एकल नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लवि राघव को प्रथम, कुलदीप को द्वितीय एवं आरती को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय नारनौल की टीम प्रथम, राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हानी महेंद्रगढ़ की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में रोहिणी को प्रथम, अमरदीप कुमार को द्वितीय तथा धीरज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शिविर के अंतिम दिन सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ की सुरभि यादव को दिया गया और सर्वश्रेष्ठ परामर्शदाता का पुरस्कार राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ की श्रीमती पविता को दिया गया। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के छात्र अमरदीप कुमार एवं क्षितिज को सर्वश्रेष्ठ छात्र समन्वयक का पुरस्कार दिया गया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 22-01-2024**

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने पांच दिवसीय शिविर को स्वयंसेवकों के लिए महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से अर्जित ज्ञान का लाभ समाज तक पहुंचेगा। शिविर के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रो. चहल ने बताया कि शिविर के दौरान लकी स्टार गेम, एकल नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। लकी स्टार गेम में जोगेंद्र, पिंरस, क्षितिज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए एवं बालिका वर्ग में अलका, पलक तथा विशाखा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए।